## 30. मुख्यमंत्री एवं मंत्रिपरिषद

❒ निम्नलिखित में से राज्य का वास्तविक कार्यपालिका प्रधान कौन है? (IInd Grade Spc. Edu. 2017)
[जेल प्रहरी परीक्षा 20-10-2018, Shift -II]

(1) राज्यपाल (2) मुख्यमंत्री
(3) मंत्रिमंडल (4) मुख्य सचिव

**Ans. (2)**

*व्याख्या – राज्य के स्तर पर मुख्यमंत्री की स्थिति वैसी ही है जैसी केन्द्र स्तर पर प्रधानमंत्री की है। वस्तुतः शासन संचालन का प्रमुख कर्ताधर्ता वहीं होता है। मंत्रिपरिषद् का मुखिया होने के नाते समस्त सत्ता उसी में अंतर्निहित होती है।*

❒ मुख्यमंत्री की नियुक्ति भारत के संविधान के किस अनुच्छेद के अन्तर्गत होती है?[पटवार-23.10.2021 (S -I]
[II Grade GK (संस्कृत शिक्षा) -19.02.2019]
[VDO-27.12.2021 (S-II)]

(1) अनुच्छेद 164 (2) अनुच्छेद 154
(3) अनुच्छेद 153 (4) अनुच्छेद 163

**Ans. (1)**

*व्याख्या – अनुच्छेद 164 – मंत्रियों के बारे में अन्य उपबंध– • 164(1)–मुख्यमंत्री की नियुक्ति राज्यपाल करेगा तथा अन्य मंत्रियों की नियुक्ति मुख्यमंत्री की सलाह पर राज्यपाल द्वारा की जायेगी। मंत्री, राज्यपाल के प्रसादपर्यन्त अपने पद पर बने रहेंगे।*

❒ संविधान के अनुच्छेद 164 (1) के अनुसार, राजस्थान का मुख्यमंत्री होता है-[संरक्षण अधिकारी-29.05.2019]
[द्वितीय श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षा-2014]

(1) निर्वाचित (2) चयनित (3) मनोनीत (4) नियुक्त

**Ans. (4)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ राज्य मंत्रिपरिषद् अपने पद पर बना रहता है....के प्रसाद पर्यंत। [CET : 05.02.2023 (S-II)]

(1) मुख्यमंत्री (2) स्पीकर (3) पार्टी अध्यक्ष (4) राज्यपाल

**Ans. (4)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ निम्न कथनों को पढ़कर सही विकल्प कर चयन करें- [Protection Officer -28.01.2023]

1. अनुच्छेद 163 के अनुसार राज्यपाल को सहायता और सलाह देने के लिए मंत्रि-परिषद होगी।
2. अनुच्छेद 164 (1) के अनुसार मुख्यमंत्री की नियुक्ति राज्यपाल करेगा।
3. अनुच्छेद 164(1) के अनुसार मंत्री, राज्यपाल के प्रसादपर्यंत अपने पद धारण करेंगे।

(1) केवल 1 सही (2) केवल 2 सही
(3) केवल 1 और 3 सही (4) उपर्युक्त सभी सही

**Ans. (4)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ राज्य मंत्री परिषद् सामूहिक रूप से उत्तरदायी है- [II Grade (English) Exam. 2011]

(1) विधानसभा के प्रति (2) लोकसभा के प्रति
(3) मुख्यमंत्री के प्रति (4) राज्यपाल के प्रति

**Ans. (1)**

*व्याख्या – अनुच्छेद 164(2) मंत्रिपरिषद् राज्य की विधानसभा के प्रति सामूहिक रूप से उत्तरदायी होगी।*

❒ राज्य मंत्रीपरिषद जवाबदेही होती है- [ग्राम सेवक परीक्षा, 18.12.2016]

(1) राष्ट्रपति के प्रति (2) राज्य विधान सभा के प्रति
(3) भारतीय संसद के प्रति (4) राज्य के प्रति

**Ans. (2)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के अन्तर्गत राज्य मंत्रिमण्डल अपने कार्यों के लिये विधानसभा के प्रति सामूहिक रूप से उत्तरदायी होता है?
[PSI (मोटर वाहन) - 12.02.2022][PTI- 23.02.2015]

(1) अनुच्छेद 155(1) (2) अनुच्छेद 154(2)
(3) अनुच्छेद 161(2) (4) अनुच्छेद 151(1)

**Ans. (*)**

*व्याख्या : दिये गये चारों विकल्प गलत है। सही उत्तर अनुच्छेद 164 (2) होगा।*

❒ भारत के संविधान की किस अनुसूची के तहत, राज्य में राज्यपाल द्वारा मंत्री को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई जाती है- [II Grade GK -17.02.2019]

(1) पहली अनुसूची (2) दूसरी अनुसूची
(3) तीसरी अनुसूची (4) चौथी अनुसूची

**Ans. (3)**

*व्याख्या –अनुच्छेद 164(3)–किसी मंत्री द्वारा अपना पद ग्रहण करने से पहले संविधान की तीसरी अनुसूची के तहत राज्यपाल, उसे पद की और गोपनीयता की शपथ दिलाएगा।*

Scanned with OKEN Scanner

❑ **यदि किसी ऐसे व्यक्ति को राज्य का मंत्री बनाया जाता है, जो राज्य विधायिका का सदस्य नहीं है, तो इस विषय में संवैधानिक प्रावधान क्या है?** [PTI Exam - 30.09.2018]

(1) उसका छः माह के भीतर निर्वाचन किया जाये।

(2) वह त्यागपत्र दे दे।

(3) वह राज्यपाल द्वारा हटा दिया जाता है।

(4) वह अविश्वास प्रस्ताव द्वारा हटाया जाता है।

**Ans.** (1)

***व्याख्या*** *- अनुच्छेद 164(4)-किसी मंत्री के लिए 6 माह में राज्य विधानमण्डल का सदस्य होना अनिवार्य।*

❑ **मुख्यमंत्री के वेतन और भत्ते निम्न में से किसके द्वारा निर्धारित किये जाते हैं?** [उद्योग प्रसार अधिकारी-22.08.2018]

(1) संसद (2) राज्यपाल

(3) राज्य विधानसभा (4) संविधान की तीसरी अनुसूची

**Ans.** (3)

***व्याख्या*** *- अनुच्छेद 164(5)-मंत्रियों के वेतन और भत्ते राज्य विधानमण्डल की विधि द्वारा अवधारित किये जाते है, जब तक ऐसा न हो तब तक ऐसे होंगे जो द्वितीय अनुसूची में विनिर्दिष्ट हैं।*

❑ **संविधान में राज्य के मुख्यमंत्री का कर्तव्य निर्धारित है-** [II Grade (Maths) Exam. 2011]

[कर सहायक -14.10.2018][Asst. Jailer-15.03.2016]

[जेल प्रहरी 20-10-2018, S-III] [मूल्यांकन अधिकारी-23.8.2020]

(1) अनुच्छेद 163 में (2) अनुच्छेद 213 में

(3) अनुच्छेद 157 में (4) अनुच्छेद 167 में

**Ans.** (4)

***व्याख्या*** *- अनुच्छेद 167 - मुख्यमंत्री के कर्तव्य-*

*(i) वह राज्यपाल को प्रशासन सम्बन्धी निर्णयों तथा विधि निर्माण से संबंधित मंत्रिपरिषद् के निर्णयों के सम्बन्ध में संसूचित करें।*

*(ii) यदि राज्यपाल प्रशासन सम्बन्धी जानकारी मांगता है तो उसे मुख्यमंत्री को देना होगा।*

*(iii) यदि किसी विषय पर, किसी मंत्री के मंत्रिमण्डल के परामर्श के बिना ही कोई निर्णय ले लिया है तो मंत्रिमण्डल के समक्ष विचार के लिए उस निर्णय को मुख्यमंत्री द्वारा रखा जाना उसका कर्तव्य होगा।*

❑ **निम्न पर विचार कीजिए एवं नीचे दिये गये कूटों का प्रयोग करते हुये सही उत्तर का चयन कीजिए।** [RAS Pre Exam-26.10.2013]

(A) मुख्यमंत्री राज्य के कार्यों के प्रशासन सम्बन्धी विनिश्चय राज्यपाल को संसूचित करता है।

(B) मुख्यमंत्री विधान विषयक प्रस्थापनाओं के बारे में राज्यपाल को संसूचित करता है।

(C) मुख्यमंत्री राष्ट्रीय विकास परिषद् की बैठकों में भाग लेता है।

(D) मुख्यमंत्री किसी विषय को जिस पर किसी मंत्री ने विनिश्चय कर लिया है, किन्तु मंत्री परिषद् ने विचार नहीं किया है, राज्यपाल द्वारा अपेक्षा किये जाने पर परिषद् के समक्ष रखवाता है।

**कूट:** (1) (A) और (B) (2) (A) और (D)

(3) (A), (B) और (C) (4) (A), (B), (C) और (D)

**Ans.** (4) ***व्याख्या :*** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ **संविधान के किस संशोधन द्वारा अनुच्छेद 164 (1) के बाद एक नया उपबन्ध-I - अ जोड़ा गया जो मुख्यमंत्री सहित मंत्रियों की अधिकतम संख्या की सीमा निर्धारित करता है-** (IInd Grade Spc. Edu. 2017)

[उद्योग निरीक्षक परीक्षा-24.06.2018]

(1) 89वाँ संशोधन (2) 93वाँ संशोधन

(3) 98वाँ संशोधन (4) 91 वाँ संशोधन

**Ans.** (4)

***व्याख्या*** *- 91वें संविधान संशोधन अधिनियम, 2003 द्वारा संविधान के अनुच्छेद 164(1)(क) में उपबन्धित किया गया कि मंत्रिपरिषद् में मंत्रियों की कुल संख्या, जिसमें मुख्यमंत्री भी शामिल है, राज्य विधानसभा के सदस्यों के कुल सदस्य संख्या के 15 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी। अर्थात् राजस्थान मंत्रिपरिषद में मुख्यमंत्री सहित कुल मंत्रियों की संख्या अधिकतम 30 (29+1) तथा न्यूनतम 12 (11+1) होती है।*

❑ **राजस्थान के मन्त्रिपरिषद् में मुख्यमंत्री सहित विधान सभा की कुल सदस्य संख्या के अधिक से अधिक कितने प्रतिशत सदस्य हो सकते हैं?** [RAS -19.11.2013]

[RPSC PTI II Grade Exam. 17 May, 2012]

[II Grade GK (संस्कृत शिक्षा) -17.02.2019]

[CET -11.2.2023 (S-I)][II Gr. SST (Sp. Edu.) -17.2.2019]

(1) 10% (2) 15% (3) 20% (4) 25%

**Ans.** (2) ***व्याख्या :*** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

Scanned with OKEN Scanner

❐ भारतीय संविधान के निम्नलिखित में से कौनसे अनुच्छेद में यह उल्लेख है कि – 'किसी राज्य की मंत्रि-परिषद में मुख्यमंत्री सहित मंत्रियों की कुल संख्या उस राज्य की विधान सभा के सदस्यों की कुल संख्या के पन्द्रह प्रतिशत से अधिक नहीं होगी'? [PTI (Grade II)-30.4.2023]

(1) 165 (1) (2) 165(1क)
(3) 164 (5) (4) 164 (1क)

**Ans.** (4) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ कौनसा कथन गलत है– [Asst. Professor- 7.1.2024]

(1) कमला बेनीवाल राजस्थान की पहली महिला मंत्री थी।

(2) 91वें संवैधानिक संशोधन के बाद, राजस्थान के मंत्रिपरिषद के कुल महिला मंत्रियों की संख्या मुख्यमंत्री सहित सात से कम नहीं होगी।

(3) 91वें संवैधानिक संशोधन के बाद, राजस्थान के मंत्रिपरिषद में कुल मंत्रियों की संख्या मुख्यमंत्री सहित बारह से कम नहीं होगी।

(4) 91वें संवैधानिक संशोधन के बाद, राजस्थान के मंत्रिपरिषद में कुल मंत्रियों की संख्या मुख्यमंत्री सहित तीस से अधिक नहीं होगी।

**Ans.** (2) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ राजस्थान मंत्रिपरिषद की न्यूनतम संख्या हो सकती है– [PSI -07.10.2018]

(1) 29 + 1 मुख्यमंत्री (2) 11 + 1 मुख्यमंत्री
(3) 15 + 1 मुख्यमंत्री (4) 12 + 1 मुख्यमंत्री

**Ans.** (2) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ राजस्थान के मंत्रिपरिषद में मुख्यमंत्री सहित अधिक से अधिक कितने सदस्यगण हो सकते है–
[PTI, 16 May, 2012][जेल प्रहरी- 2017][Police Con.-2006-07] [HM -2011][II Grade (Sanskrit Dept.) -12.2.2023(S-II)]

(1) 12 (2) 20 (3) 30 (4) 35

**Ans.** (3) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ राज्य मंत्रिपरिषद् में कम से कम कितने सदस्य होने अनिवार्य है– [PTI - 2015]

(1) 15 (2) 12 (3) 21 (4) 31

**Ans.** (2) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ राजस्थान में राष्ट्रपति शासन कितनी बार लगाया गया? [RAS-31.10.2015, 28.08.2016][CET-4.2.2023 (I)]

(1) 7 (2) 2 (3) 6 (4) 4

**Ans.** (4)

*व्याख्या – राज्य में प्रथम बार राष्ट्रपति शासन श्री मोहनलाल सुखाड़िया ( 14.03.1967 से 26.04.1967 ), दूसरी बार श्री हरिदेव जोशी ( 29.04.1977 से 22.06.1977 ), तीसरी बार श्री भैरोंसिंह शेखावत ( 17.02.1980 से 06.06.1980 ) और चौथी बार श्री भैरोंसिंह शेखावत ( 15.12.1992 से 04.12.1993 ) के समय लगा। ज्ञातव्य है कि प्रथम चुनावों में दुविधापूर्ण स्थिति ( अस्पष्ट बहुमत ) के परिणामस्वरूप राष्ट्रपति शासन लगा था, जबकि अन्य तीनों बार विधानसभा में बहुमत सिद्ध न होने के कारण।*

❐ निम्नलिखित में से कौनसा, दिसम्बर, 1992 में राष्ट्रपति शासन से ठीक पहले राजस्थान के मुख्यमंत्री थे? [राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-14.05.2022]

(1) श्री शिवचरण माथुर (2) श्रीमती वसुधरा राजे
(3) श्री अशोक गहलोत (4) श्री भैरोंसिंह शेखावत

**Ans.** (4) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ राजस्थान में किन वर्षों में राष्ट्रपति शासन लागू किया गया था? [II Grade - 30.07.2023 (S- II)]

(1)1967,1977,1980,1992 (2) 1967,1978,1981,1992
(3) 1967,1977,1980,1993(4) 1967,1979,1981,1993

**Ans.** (1) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ निम्नांकित मुख्यमंत्रियों में से किस मुख्यमंत्री ने राजस्थान में राष्ट्रपति शासन के कारण सबसे ज्यादा बार अपने मंत्रीपरिषद की बर्खास्तगी देखी है– [Asst. Professor- 7.1.2024]

(1) अशोक गहलोत (2) हरिदेव जोशी
(3) भैरोंसिंह शेखावत (4) मोहनलाल सुखाड़िया

**Ans.** (3) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ आपातकाल के दौरान राजस्थान के मुख्यमंत्री कौन नहीं थे? [II Grade - 30.07.2023 (S- II)]

(1) मोहन लाल सुखाड़िया (2) हरिदेव जोशी
(3) शिवचरण माथुर (4) भैरोंसिंह शेखावत

**Ans.** (3) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ राजस्थान के किस मुख्यमंत्री के कार्यकाल में सर्वाधिक बार राष्ट्रपति शासन लगाया गया? [CET : 07.01.2023 (S-1)]

(1) मोहन लाल सुखाड़िया (2) हरिदेव जोशी
(3) भैरोंसिंह शेखावत (4) शिवचरण माथुर

**Ans.** (3) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

Scanned with OKEN Scanner

❒ **विधान सभा चुनाव में अस्पष्ट बहुमत के कारण राजस्थान में राष्ट्रपति शासन कब लगाया गया था?** [College Lecturer 24.04.2016][CET : 08.01.2023 (S-I)]

(1) 1977 (2) 1980 (3) 1967 (4) 1992

**Ans.** (3) ***व्याख्या :*** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **राजस्थान के प्रथम निर्वाचित मुख्यमंत्री कौन थे?** [C.I.D. -2002] [छात्रावास अधीक्षक परीक्षा, 2008] [III Grade Teacher -2009][उद्योग निरीक्षक-24.06.2018]

(1) हीरालाल शास्त्री (2) नरोत्तमलाल जोशी

(3) टीकाराम पालीवाल (4) कमलकांत वर्मा

**Ans. (3)**

***व्याख्या*** *– टीकाराम पालीवाल (दौसा) राजस्थान के प्रथम निर्वाचित मुख्यमंत्री (1952 से 1952 तक) है।*

❒ **राजस्थान के मुख्यमंत्रियों में, निम्नांकित में से कौन भ्रष्टाचार उन्मूलन समिति (1962) के सदस्य रहे हैं?** [II Grade GK - 21.12.2022]

(1) बरकतुल्लाह खान (2) जगन्नाथ पहाड़िया

(3) टीकाराम पालीवाल (4) हरिदेव जोशी

**Ans.** (3)

❒ **कौन राजस्थान के मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री के पद पर रहे हैं?** [II Grade GK -31.10.2018]

(1) मोहन लाल सुखाड़िया (2) टीकाराम पालीवाल

(3) हरिदेव जोशी (4) अशोक गहलोत

**Ans.** (2)*

***व्याख्या*** *– 15 दिसम्बर, 2023 को भाजपा सरकार (भजन लाल शर्मा मंत्रिमण्डल में) में दीया कुमारी एवं प्रेम चन्द्र बैरवा ने 6वें उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। पूर्व में चार उपमुख्यमंत्री कांग्रेस और एक भाजपा की सरकार में बन चुके हैं। कांग्रेस में 1952 में **टीकाराम पालीवाल** (जयनारायण व्यास मंत्रिमण्डल में), 1998 से 2003 तक चली अशोक गहलोत सरकार में बनवारी लाल बैरवा और कमला बेनीवाल, 2018 में सचिन पायलट उपमुख्यमंत्री बनें। भाजपा में भैंरोसिंह शेखावत के कार्यकाल में 1993 से 1998 में हरिशंकर भाभड़ा उपमुख्यमंत्री बनाए गए।*

❒ **राजस्थान के मुख्यमंत्री रहने के बाद, दूसरे मुख्यमंत्री के मंत्रिमण्डल में उपमुख्यमंत्री रहने वाले कौन थे–** [Asstt. Fire Officer -29.1.2022]

(1) जय नारायण व्यास (2) हरिदेव जोशी

(3) टीकाराम पालीवाल (4) मोहन लाल सुखाड़िया

**Ans.** (3) ***व्याख्या :*** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **कथनों का ध्यानपूर्वक पढ़िए–**[CET : 7.1.2023 (S-1)]

**1. टीकाराम पालीवाल राजस्थान में एकमात्र ऐसी मुख्यमंत्री है, जो उप-मुख्यमंत्री हैं।**

**2. हरिशंकर भाभड़ा राजस्थान में अब तक सबसे लम्बे समय तक उप-मुख्यमंत्री रहे है।**

**निम्नलिखित में कौनसा विकल्प सही है?**

(1) 1 और 2 दोनों कथन सही हैं।

(2) 1 व 2 दोनों कथन गलत है।

(3) केवल कथन 2 सही है।

(4) केवल कथन 1 सही है।

**Ans.** (1) ***व्याख्या :*** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **राजस्थान के उपमुख्यमंत्रियों के बारे में कौनसी जोड़ी सुमेलित है?** [CET : 08.01.2023 (S-II)]

(1) शिवचरण माथुर, टीकाराम पालीवाल

(2) कमला बेनीवाल, सचिन पायलट

(3) हीरालाल देवपुरा, सचिन पायलट

(4) घनश्याम तिवारी, सचिन पायलट

**Ans.** (2) ***व्याख्या :*** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **राजस्थान के किस मुख्यमंत्री की 'कामचलाऊ सरकार' (केयरटेकर गवर्नमेन्ट) के विरुद्ध विधान सभा में अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था–** [PSI - 14.09.2021]

(1) जयनारायण व्यास (2) टीकाराम पालीवाल

(3) मोहनलाल सुखाड़िया (4) हरिदेव जोशी

**Ans.** (2)

***व्याख्या*** *– राजस्थान की प्रथम विधानसभा में मुख्यमंत्री टीकाराम पालीवाल की सरकार के विरुद्ध पहला अविश्वास प्रस्ताव पेश (प्रस्तुतकर्ता – इन्द्रनाथ मोदी, 10 अक्टूबर, 1952) किया गया था, जिसे अस्वीकार कर दिया गया।*

❒ **राजस्थान की प्रथम महिला मुख्यमंत्री का निर्वाचन क्षेत्र है?** [RPSC III Grade Teacher Exam-2006]

(1) झालरापाटन (2) झुँझुनूँ (3) खानपुर (4) धौलपुर

**Ans. (1)**

***व्याख्या*** *– झालरापाटन (झालावाड़) विधानसभा सीट से चुनी गई श्रीमती वसुंधरा राजे (जन्मदिन-8 मार्च, अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस) 8 दिसम्बर, 2003 को राज्य की **प्रथम महिला मुख्यमंत्री** (कार्यकाल- 08-12-2003 से 12-12-2008 तक) बनी तथा मुख्यमंत्री के रूप में इनका दूसरा 13.12.2013 से 16.12.2018 तक रहा।*

Scanned with OKEN Scanner

❐ **राजस्थान के मुख्यमंत्री जिनका जन्म अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर हुआ था-**[वनरक्षक-12.12.2022(S-I)]
(1) मोहन लाल सुखाड़िया (2) वसुंधरा राजे
(3) जगन्नाथ पहाड़िया (4) अशोक गहलोत
**Ans.** (2) ***व्याख्या :*** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ **श्रीमती वसुंधरा जी राजे राजस्थान की प्रथम बार मुख्यमंत्री .... मध्य रही।** [Patwar Main 24.12.16]
[जेल प्रहरी परीक्षा 27-10-2018, Shift -III]
(1) 2001–07 (2) 1999–03 (3) 2003–08 (4) 2004–09
**Ans.** (3) ***व्याख्या :*** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ **राजस्थान विधानसभा में कितनी महिला मुख्यमंत्री रहीं हैं-** [राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-08.11.2020 (II)]
(1) 4 (2) 3 (3) 1 (4) 2
**Ans.** (3) ***व्याख्या :*** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ **मुख्यमंत्री के रूप में कार्यकाल की अवधि के आधार पर राजस्थान के अधोलिखित मुख्यमंत्रियों को अवरोही क्रम ( सर्वाधिक अवधि सर्वप्रथम ) में व्यवस्थित कीजिए-** [Headmaster Exam - 02.09.2018]
**1. मोहन लाल सुखाड़िया 2. हरिदेव जोशी**
**3. भैरोंसिंह शेखावत 4. अशोक गहलोत**
(1) 1, 2, 3, 4 (2) 1, 3, 2, 4
(3) 1, 2, 4, 3 (4) 1, 3, 4, 2
**Ans.** (4)

***व्याख्या*** *-राजस्थान में तीसरी बार ( 1.12.1998-8.12.2003, 13.12.2008-13.12.2013, 17.12.2018-04.12.2023 ) **मुख्यमंत्री बनने वाले** अशोक गहलोत **तीसरे व्यक्ति** हैं। इससे पहले **हरिदेव जोशी** और **भैरोंसिंह शेखावत** भी तीन-तीन बार मुख्यमंत्री बन चुके हैं। जोशी कांग्रेस की तरफ से तीन बार राजस्थान के मुख्यमंत्री रहे हैं, तो वहीं भैरोंसिंह शेखावत एक बार जनता पार्टी और दो बार भारतीय जनता पार्टी से राजस्थान का मुख्यमंत्री पद संभाल चुके हैं। मोहन लाल सुखाड़िया के बाद सर्वाधिक कार्यकाल वाले मुख्यमंत्री अशोक गहलोत बने हैं। सुखाड़िया 17 साल ( 1954-71 ) में **4 बार मुख्यमंत्री** चुने गए।*

❐ **निम्न में से उस समूह का चयन कीजिए जिन्होंने तीन या अधिक अवसरों पर राजस्थान के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली-** [पटवार-23.10.2021 (Shift -II)]
(1) भैरोंसिंह शेखावत-शिवचरण माथुर - हरिदेव जोशी
(2) मोहनलाल सुखाड़िया-हरिदेव जोशी-अशोक गहलोत
(3) जयनारायणव्यास-मोहनलाल सुखाड़िया-अशोक गहलोत
(4) मोहनलाल सुखाड़िया-हीरालाल शास्त्री-वसुंधरा राजे
**Ans.** (2) ***व्याख्या :*** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ **निम्नलिखित में से किसने राजस्थान में सबसे अधिक 4 बार मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली है-**
[प्रवक्ता (तकनीकी शिक्षा विभाग) -12.03.2021]
[II Grade (Sanskrit Dept.) -12.2.2023(S-II)]
(1) मोहनलाल सुखाड़िया (2) भैरोंसिंह शेखावत
(3) वसुन्धरा राजे (4) अशोक गहलोत
**Ans.** (1) ***व्याख्या :*** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ **2018 में राजस्थान के मुख्यमंत्री के रूप में अशोक गहलोत ने अपना ....कार्यकाल प्रारम्भ किया-**
[राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-07.11.2020 (I)]
(1) प्रथम (2) द्वितीय (3) तृतीय (4) चतुर्थ
**Ans.** (3) ***व्याख्या :*** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ **राजस्थान के मुख्यमंत्री के अपने प्रथम कार्यकाल के दौरान, श्री अशोक गहलोत ने मुख्यमंत्री का पद निम्न में से किस तारीख को सँभाला था?**
[II Grade - 30.07.2023 (S- I)]
(1) 1 दिसम्बर, 1998 (2) 2 दिसम्बर, 1998
(3) 3 दिसम्बर, 1998 (4) 12 दिसम्बर, 1998
**Ans.** (1) ***व्याख्या :*** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ **व्यक्ति-समूह को इंगित कीजिए, जिन्होंने तीन या अधिक अवसरों पर राजस्थान के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली है-**[RPSC कनिष्ठ लेखाकार परीक्षा-2 अगस्त,2015]
[Assistant Professor-22.9.2021][पटवार-24.10.2021 (S - II)]
(1) जयनारायण व्यास-मोहनलाल सुखाड़िया-हरिदेव जोशी
(2) मोहनलाल सुखाड़िया-हरिदेव जोशी-भैरोंसिंह शेखावत
(3) भैरोंसिंह शेखावत-शिवचरण माथुर-हरिदेव जोशी
(4) मोहनलाल सुखाड़िया-हीरालाल शास्त्री-जयनारायण व्यास
**Ans.** (2) ***व्याख्या :*** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ **राजस्थान राज्य के किस मुख्यमंत्री का कार्यकाल सबसे कम अवधि का रहा है?**[उद्योग निरीक्षक-24.6.2018]
[II Grade - 30.07.2023 (S- I)]
(1) श्री जगन्नाथ पहाड़िया (2) श्री हरिदेव जोशी
(3) श्री हीरालाल देवपुरा (4) श्री बरकतुल्ला खाँ
**Ans.** (3)

**व्याख्या** – **मुख्यमंत्री के रूप में श्री हीरालाल देवपुरा ( *23-02-1985 से 10-03-1985* ) का कार्यकाल की सबसे कम अवधि ( *16 दिन* ) रहा।**

Scanned with OKEN Scanner

❐ **निम्नलिखित में से कौन एक से अधिक बार राजस्थान का मुख्यमंत्री नहीं रहा है-** [II Grade GK - 22.12.2022]

(1) शिवचरण माथुर (2) हरिदेव जोशी
(3) हीरालाल देवपुरा (4) भैरोंसिंह शेखावत

**Ans.** (3) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ **निम्नांकित में से राजस्थान के कौनसे मुख्यमंत्री, मुख्यमंत्री बनने से पूर्व किसी भी मंत्री परिषद् में मंत्री नहीं रहे हैं?** [II Grade GK -31.10.2018]

**(1) जयनारायण व्यास (2) बरकतुल्लाह खान**
**(3) मोहनलाल सुखाड़िया (4) भैरोंसिंह शेखावत**

(1) 1 और 2 (2) 1 और 4 (3) 3 और 4 (4) 2 और 4

**Ans.** (2)

*व्याख्या – बरकतुल्लाह खान; मोहनलाल सुखाड़िया सरकार में कैबिनेट मंत्री तथा मोहनलाल सुखाड़िया, जयनारायण व्यास तथा टीकाराम पालीवाल के कार्यकाल में मंत्री थे।*

❐ **राज्य के पहले व एकमात्र अल्पसंख्यक मुख्यमंत्री कौन थे?** [जेल प्रहरी परीक्षा - 2017]

(1) बरकतुल्लाह खां (2) अलीउद्दीन खां
(3) अमीन खां (4) भैरोसिंह शेखावत

**Ans.** (1)

*व्याख्या–श्री बरकतुल्लाह खान (9-7-1971 से 11-10-1973) राज्य के पहले व एकमात्र अल्पसंख्यक मुख्यमंत्री हैं।*

❐ **राजस्थान की प्रथम निर्वाचित लोकतांत्रिक सरकार का गठन हुआ?** [II Grade (Urdu) Exam. 2011]

(1) 26 जनवरी, 1952 को (2) 2 फरवरी, 1952 को
(3) 3 मार्च, 1952 को (4) 15 मार्च, 1952 को

**Ans.** (3)

*व्याख्या – **प्रथम निर्वाचित लोकतांत्रिक सरकार (3 मार्च, 1952 से 31 अक्टूबर, 1952) :** प्रथम विधानसभा चुनावों में तत्कालीन मुख्यमंत्री जयनारायण व्यास के चुनाव हार जाने के कारण श्री पालीवाल के नेतृत्त्व में सरकार बनी। पालीवाल मंत्रिमंडल ने 31 अक्टूबर, 1952 को त्यागपत्र दे दिया।*

❐ **कौन-सा विकल्प राजस्थान के मुख्यमंत्रियों के कार्यकाल का सही क्रम है?** [पटवार-24.10.2021 (S-I)] [राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-14.07.2018 (II)]

(1) हरिदेव जोशी – भैरोंसिंह शेखावत – जगन्नाथ पहाड़िया– शिवचरण माथुर

(2) शिवचरण माथुर – जगन्नाथ पहाड़िया – भैरोंसिंह शेखावत – हरिदेव जोशी

(3) जगन्नाथ पहाड़िया – भैरोंसिंह शेखावत – शिवचरण माथुर – हरिदेव जोशी

(4) शिवचरण माथुर – हरिदेव जोशी – जगन्नाथ पहाड़िया – भैरोंसिंह शेखावत

**Ans.** (1)

*व्याख्या –*
- *मोहन लाल सुखाड़िया (13-11-1954 से 8-7-1971)*
- *बरकतुल्लाह खान (09-07-1971 से 11-10-1973)*
- *हरिदेव जोशी (11-10-1973 से 29-04-1977)*
- *भैरोंसिंह शेखावत (22-06-1977 से 16-02-1980)*
- *जगन्नाथ पहाड़िया (06-06-1980 से 13-07-1981)*
- *शिवचरण माथुर (14-07-1981 से 23-02-1985)*

❐ **सुमेलित कीजिए-** [द्वितीय श्रेणी अध्यापक -01.05.2017]

| सूची - I (मुख्यमंत्री) | सूची- II (कार्यकाल) |
|---|---|
| (A) जगन्नाथ पहाड़िया | (i) 1971–1973 |
| (B) बरकतुल्लाह खान | (ii) 1977–1980 |
| (C) भैरोंसिंह शेखावत | (iii) 1980–1981 |
| (D) मोहन लाल सुखाड़िया | (iv) 1954–1957 |

| कूट : | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (2) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (3) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (4) | 4 | 1 | 2 | 3 |

**Ans.** (1) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ **निम्नांकित में से किस मुख्यमंत्री के त्यागपत्र देने के पश्चात बरकतुल्लाह खान को राजस्थान का मुख्यमंत्री नियुक्त किया गया-** [PSI - 13.09.2021]

(1) टीकाराम पालीवाल (2) मोहन लाल सुखाड़िया
(3) शिवचरण माथुर (4) हरिदेव जोशी

**Ans.** (2) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ **निम्नलिखित राजस्थान के मुख्यमंत्रियों को काल-क्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए :** [कनिष्ठ लेखाकार-11.2.2024]

**1. भैरोंसिंह शेखावत** **2. वसुंधरा राजे**
**3. जयनारायण व्यास** **4. हरिदेव जोशी**
**5. हीरालाल शास्त्री**

(1) 3, 5, 1, 2, 4 (2) 5, 3, 4, 1, 2
(3) 3, 4, 5, 1, 2 (4) 5, 4, 3, 1, 2

**Ans.** (2)

Scanned with OKEN Scanner

❑ राजस्थान के निम्नांकित मुख्यमंत्रियों में से कौन मुख्यमंत्री नियुक्त होते समय राजस्थान विधानसभा सदस्य नहीं था/थे- [मूल्यांकन अधिकारी-23.08.2020] [Head Master -11.10.2021]

(1) टीकाराम पालीवाल (1952)
(2) जगन्नाथ पहाड़िया (1980)
(3) वसुन्धरा राजे (2003)
(4) बरकतुल्लाह खान (1971)

**Ans.** (2)

*व्याख्या - राजस्थान के पहले दलित मुख्यमंत्री जगन्नाथ पहाड़िया ने 6 जून, 1980 को मुख्यमंत्री के पद की शपथ ग्रहण की। इस समय पहाड़िया विधानसभा के सदस्य ना होकर भरतपुर के बयाना क्षेत्र से लोकसभा के सदस्य एवं केन्द्रीय मंत्रिमण्डल में वित्त राज्य मंत्री पद पर कार्यरत थे। बाद में 23 नवम्बर, 1980 को भरतपुर जिले के वैर (सु.) क्षेत्र से उपचुनाव में वे विधायक चुने गये। उल्लेखनीय है कि छायावाद की ख्यातनाम लेखिका महादेवी वर्मा पर आपत्तिजनक टिप्पणी के चलते मात्र 13 महीने में पहाड़िया को अपनी कुर्सी गवानी पड़ी थी।*

❑ मुख्यमंत्री जिन्हें एक कवयित्री पर विवादास्पद टिप्पणी के कारण त्यागपत्र देना पड़ा- [JEN (Electric) Diploma- 18.05.2022]

(1) मोहन लाल सुखाड़िया (2) हरिदेव जोशी
(3) शिवचरण माथुर (4) जगन्नाथ पहाड़िया

**Ans.** (4) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ राजस्थान के प्रथम मुख्यमंत्री और संविधान सभा के सदस्यों के लिए समान अधिकारों के प्रस्तावक कौन थे? [राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-16.05.2022 (II)]

(1) जमुना लाल गुप्ता (2) हीरालाल शास्त्री
(3) कृपाल योगी (4) रामलाल हादिया

**Ans.** (2)

❑ राजस्थान के एकीकरण से पूर्व, निम्नांकित में से कौन प्रारंभिक राजस्थान की लोकतांत्रिक सरकारों में मुख्यमंत्री नहीं रहे हैं-[Assistant Professor-22.9.2021]

(1) शोभाराम (2) गोकुल लाल असावा
(3) माणिक्य लाल वर्मा (4) भोगीलाल पांड्या

**Ans.** (4)

*व्याख्या - भोगीलाल पांड्या राजस्थान के डूंगरपुर के एक स्वतंत्रता सेनानी और सामाजिक कार्यकर्ता थे।*

❑ राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री श्री शिवचरण माथुर किस राजनीतिक दल से संबंधित थे? [राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-16.05.2022 (II)]

(1) भारतीय जनता पार्टी (2) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
(3) भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी
(4) भारतीय जनसंघ

**Ans.** (2)

*व्याख्या - 14 जुलाई, 1981 को कांग्रेस (इ) विधायक दल की बैठक में श्री शिवचरण माथुर सर्वसम्मति से नये नेता चुने गये और मुख्यमंत्री की शपथ ली। यह मंत्रिमण्डल 1985 के चुनावों तक कार्य करता रहा, लेकिन 'डीग गोली काण्ड' के कारण 23 फरवरी, 1985 को राज्यपाल ओमप्रकाश मेहरा को त्यागपत्र दे दिया।*

❑ निम्न में से किस मुख्यमंत्री को डीग-गोलीकांड के बाद इस्तीफा देना पड़ा और उन्होंने कब इस्तीफा दिया- [VDO-27.12.2021 (S-I)]

(1) शिवचरण माथुर : 23 फरवरी, 1985
(2) जगन्नाथ पहाड़िया : 13 जुलाई, 1981
(3) हरिदेव जोशी : 20 जनवरी, 1988
(4) मोहन लाल सुखाड़िया : 16 फरवरी, 1980

**Ans.** (1) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ निम्नांकित में से कौन राजस्थान के मुख्यमंत्री कभी नहीं रहे? [Jr. Accountant 04.10.16]

(1) हीरालाल देवपुरा (2) सी.एस. वेंकटाचारी
(3) गोकुल लाल असावा (4) बरकतुल्लाह खान

**Ans.** (3)

*व्याख्या-राजस्थान के एकीकरण के द्वितीय चरण 'राजस्थान संघ' के प्रधानमंत्री गोकुल लाल असावा बनाये गये थे।*

❑ मुख्यमंत्री-राज्यपाल में से कौनसा युग्म सही सुमेलित नहीं है? [स्कूल व्याख्याता (शारीरिक शिक्षा)- 21.10.2022]

(1) मोहन लाल सुखाड़िया - हुकुम सिंह
(2) हरिदेव जोशी - डॉ. सम्पूर्णानंद
(3) जगन्नाथ पहाड़िया -रघुकुल तिलक
(4) हीरालाल देवपुरा - ओ.पी. मेहरा

**Ans.** (2)

*व्याख्या - राज्यपाल डॉ. सम्पूर्णानंद (1962-1667) के समय मुख्यमंत्री मोहन लाल सुखाड़िया (1962-1967) थे।*

Scanned with OKEN Scanner

❑ राज्य में 'संसदीय सचिव' किसके समक्ष शपथ लेता है या प्रतिज्ञान करता है?

[II Grade शिक्षक परीक्षा -2014]

(1) राज्यपाल
(2) उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायमूर्ति
(3) मुख्यमंत्री
(4) विधानसभा-अध्यक्ष

**Ans. (3)**

***व्याख्या :*** *राज्यपाल मुख्यमंत्री एवं मंत्रिपरिषद के अन्य मंत्रियों को शपथ दिलाता है तथा संसदीय सचिव (नियुक्ति-मुख्यमंत्री द्वारा) को मुख्यमंत्री शपथ दिलाता है।*

❑ निम्नांकित में से कौनसा राजस्थान में मंत्रिपरिषद की बैठक का स्थान और समय निर्दिष्ट करता है-

[Head Master -11.10.2021]

(1) मुख्य सचेतक (2) मुख्यमंत्री
(3) संसदीय कार्य मंत्री (4) राज्यपाल

**Ans.** (2)

***व्याख्या*** *– मुख्यमंत्री मंत्रिपरिषद् की अध्यक्षता करता है तथा इस बात का निर्णय करता है कि मंत्रिपरिषद् की बैठक कब और कहाँ होगी तथा किसी विषय पर विचार किया जाएगा।*

❑ निम्नांकित में से कौन, राजस्थान से राज्यसभा में सबसे ज्यादा अवधि के लिए प्रतिनिधित्व करने वाली महिला सांसद है-

[Head Master -11.10.2021]

(1) ऊषी खान (2) शारदा भार्गव
(3) लक्ष्मी कुमारी चूण्डावत (4) शांति पहाड़िया

**Ans.** (2)

***व्याख्या*** *– राजस्थान से अब तक 8 महिलाएँ राज्यसभा पहुँची हैं जिसमें से पहली महिला राज्यसभा सदस्य शारदा भार्गव महिलाओं में सर्वाधिक तीन बार (1952, 1956, 1963), प्रभा ठाकुर दो बार (2002, 2008) राज्यसभा पहुंची है।*

❑ राजस्थान का प्रथम 'जेण्डर बजट' प्रस्तुत करने वाले थे-

[III Grade(L-I) -25.2.2023]
[II Grade (SST) - 21.12.2022]

(1) भैरोंसिंह शेखावत (2) वसुंधरा राजे
(3) अशोक गहलोत (4) प्रद्युम्न सिंह

**Ans.** (3)

***व्याख्या*** *– 2012-13 में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रथम जेन्डर बजट प्रस्तुत किया। उल्लेखनीय है कि 2021-22 में प्रथम पेपरलेस बजट, 2022-23 में प्रथम कृषि बजट भी अशोक गहलोत ने ही पेश किये हैं।*

❑ निम्नलिखित में से कौनसा राजस्थान के मुख्यमंत्री का पद नहीं है? [CET : 05.02.2023 (S-I)]

(1) मुख्यमंत्री सलाहकार समिति का अध्यक्ष
(2) राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग का अध्यक्ष
(3) अंतर्राज्य परिषद् का सदस्य
(4) राष्ट्रीय विकास परिषद् का सदस्य

**Ans.** (2)

***व्याख्या*** *– राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग (RSHC) के अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्त राज्यपाल द्वारा एक समिति की अनुशंसा पर की जाती है, जिसमें मुख्यमंत्री इसके प्रमुख, विधानसभा के अध्यक्ष, राज्य के गृहमंत्री और विधानसभा के विपक्ष के नेता शामिल होते हैं।*

❑ राजस्थान में राज्य पर्यटन सलाहकार समिति के अध्यक्ष कौन हैं? [CET : 08.01.2023 (S-II)]

(1) मुख्यमंत्री (2) पर्यटन मंत्री
(3) आयुक्त, पर्यटन विभाग (4) राज्यपाल

**Ans.** (1)

***व्याख्या*** *– राजस्थान पर्यटन नीति 2020 के प्रावधानों की पालना में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में राज्य पर्यटन सलाहकार समिति का गठन किया गया है, जिसमें पर्यटन मंत्री उपाध्यक्ष तथा आयुक्त एवं निदेशक पर्यटन विभाग सदस्य सचिव होंगे।*

❑ राजस्थान में निम्नांकित मुख्यमंत्रियों में से कौन लोक सभा के सदस्य नहीं रहे हैं- [R.A.S.-27.10.2021]

**1. हरिदेव जोशी 2. भैरोंसिंह शेखावत**
**3. टीकाराम पालीवाल 4. बरकतुल्लाह खान**

(1) 1, 2, 3 और 4 (2) केवल 1 और 2
(3) केवल 2, 3 और 4 (4) केवल 1, 2 और 4

**Ans.** (4)

***व्याख्या*** *– टीकाराम पालीवाल 1962 में हिण्डौन लोकसभा से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में निर्वाचित हुए थे। ज्ञातव्य है कि अशोक गहलोत 1980, 1984, 1991, 1996, 1998 में तथा वसुन्धरा राजे 1989, 1991, 1996, 1998, 1999 में लोकसभा सदस्य रहें।*

Scanned with OKEN Scanner

❑ सुमेलित कीजिए- [II Grade Teacher -28.10.2018]

| मुख्यमंत्री | राज्यपाल |
|---|---|
| (A) भैरोंसिंह शेखावत | (1) रघुकुल तिलक |
| (B) बरकतुल्लाह खान | (2) सरदार जोगिन्दर सिंह |
| (C) मोहन लाल सुखाड़िया | (3) डॉ. सम्पूर्णानन्द |
| (D) वसुन्धरा राजे | (4) मदनलाल खुराना |

| कूट : | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | 1 | 2 | 3 | 4 | (2) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (3) | 1 | 2 | 4 | 3 | (4) | 2 | 4 | 1 | 3 |

**Ans.** (1)

*व्याख्या – मुख्यमंत्री व राज्यपाल के दिये गये विकल्प सही सुमेलित है।*

❑ राजस्थान के मुख्यमंत्री एवं वह राज्य जहाँ उन्होंने अपने मुख्यमंत्री के कार्यकाल के पश्चात् राज्यपाल के पद पर कार्य किया के बारे में सही सुमेलित नहीं है? [II Grade GK -31.10.2018]

(1) मोहन लाल सुखाड़िया – आंध्रप्रदेश
(2) हरिदेव जोशी –त्रिपुरा
(3) शिवचरण माथुर–आसाम
(4) जगन्नाथ पहाड़िया–बिहार

**Ans.** (2)

*व्याख्या – हरिदेव जोशी असम, मेघालय और पश्चिम बंगाल के राज्यपाल रहे।*

❑ राजस्थान के मुख्यमंत्री को चिह्नित कीजिए, जिन्होंने राज्यपाल के रूप में भी कार्य किया- [JEN (Electric) Diploma- 18.05.2022]

1. मोहन लाल सुखाड़िया 2. हीरा लाल देवपुरा
3. शिव चरण माथुर 4. जगन्नाथ पहाड़िया

(1) 2, 3 और 4 (2) 1, 3 और 4
(3) 1, 2 और 3 (4) 1, 2, 3 और 4

**Ans.** (2)

❑ राजस्थान के निम्नांकित मुख्यमंत्रियों में से कौन अपने सम्पूर्ण राजनीतिक जीवन में किसी राज्य का राज्यपाल नहीं रहा है? [II Grade GK (Sp. Education) - 2018]

(1) हरिदेव जोशी (2) भैरोंसिंह शेखावत
(3) जगन्नाथ पहाड़िया (4) शिवचरण माथुर

**Ans.** (2)

*व्याख्या – श्री भैरोंसिंह शेखावत का राजस्थान के मुख्यमंत्री के रूप में कार्यकाल*

☞ *प्रथम : 22.06.1977 से 15.02.1980*
☞ *द्वितीय : 04.03.1990 से 15.12.1992*
☞ *तृतीय : 04.12.1993 से 01.12.1998*

*भैरोंसिंह शेखावत दो बार ( प्रथम – 15 जुलाई, 1980 से 30 दिसम्बर, 1989 तथा द्वितीय 8 जनवरी, 1999 से 18 अगस्त, 2002 ) विपक्ष के नेता रहे।*

*19 अगस्त, 2002 से 21 जुलाई, 2007 तक भैरोंसिंह शेखावत भारत के 11वें उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के पदेन सभापति रहे।*

❑ निम्नलिखित में से कौनसा राजस्थान का पहला मुख्यमंत्री रहा है जो मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के समय विधानसभा का सदस्य नहीं था- [राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-13.06.2024 (I)]

(1) भैरोंसिंह शेखावत (2) बरकतुल्लाह खान
(3) अशोक गहलोत (4) जगन्नाथ पहाड़िया

**Ans.** (1)

❑ राजस्थान में राज्यमंत्री, जिसके पास किसी विभाग या उसकी विनिर्दिष्ट शाखाओं का स्वतंत्र प्रभार है, किसके अनुमोदन से उस विभाग या यथास्थिति उसकी विनिर्दिष्ट शाखाओं से संबंधित कार्य उससे सम्बद्ध उप-मंत्री को आवंटित करेगा? [II Grade (Sanskrit Dept.) -12.2.2023(S-I)]

(1) मुख्यमंत्री (2) मुख्य सचिव
(3) संबंधित विभाग का कैबिनेट मंत्री
(4) राज्यपाल

**Ans.** (3)

❑ राजस्थान के निम्नांकित मुख्यमंत्रियों में कौन राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष पद पर भी आसीन रहे है? [स्कूल व्याख्याता (शारीरिक शिक्षा)- 21.10.2022]

(1) जयनारायण व्यास (2) हीरालाल देवपुरा
(3) टीकाराम पालीवाल (4) शिवचरण माथुर

**Ans.** (2)

❑ भारत की स्वतंत्रता के तुरंत बाद राजस्थान के पहले मुख्यमंत्री कौन थे- [राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-08.11.2020 (II)]

(1) मोहन लाल सुखाड़िया (2) हीरालाल शास्त्री
(3) जय नारायण व्यास (4) बरकतुल्ला खान

**Ans.** (2)

Scanned with OKEN Scanner

*व्याख्या* – ☞ श्री हीरालाल शास्त्री (07.04.1949 से 05.01.1951)- राज्य के प्रथम मनोनीत मुख्यमंत्री
☞ श्री सी. एस. वैंकटाचारी (06.01.1951 से 26.04.1951) - केन्द्र सरकार द्वारा नियुक्त
☞ श्री जयनारायण व्यास (26.04.1951 से 03.03.1952)
☞ श्री टीकाराम पालीवाल (03.03.1952 से 31.10.1952)- प्रथम निर्वाचित मुख्यमंत्री
☞ श्री जयनारायण व्यास (01.11.1952 से 12.11.1954) - एकमात्र मनोनीत एवं निर्वाचित मुख्यमंत्री

❒ राजस्थान विधानसभा में सदस्यों की निरर्हताओं से सम्बन्धित प्रश्नों पर विनिश्चय के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए– [II Grade (Sanskrit Dept.) -12.2.2023(S-II)]

1. यदि यह प्रश्न उठता है कि राज्य विधानसभा का कोई सदस्य भारत के संविधान के अनुच्छेद 191 के खण्ड (1) में वर्णित किसी निरर्हता से ग्रस्त हो गया है या नहीं, तो वह प्रश्न विधान सभाध्यक्ष को विनिश्चय के लिए निर्देशित किया जाएगा और उसका विनिश्चय अन्तिम होगा।

2. ऐसे किसी प्रश्न पर विनिश्चय करने से पहले अध्यक्ष निर्वाचन आयोग की राय लेगा और ऐसी राय के अनुसार कार्य करेगा। [II Grade (Sanskrit Dept.) -12.2.2023(S-II)]

(1) 1 और 2 सही नहीं है। (2) केवल 1 सही है।
(3) केवल 2 सही है। (4) 1 और 2 दोनों सही हैं।

Ans. (1)

*व्याख्या* – *यदि यह प्रश्न उठता है कि राज्य विधानसभा का कोई सदस्य भारत के संविधान के अनुच्छेद 191 के खण्ड (1) में वर्णित किसी निरर्हता से ग्रस्त हो गया है या नहीं, तो वह प्रश्न राज्यपाल को विनिश्चय के लिए निर्देशित किया जाएगा और उसका विनिश्चय अन्तिम होगा। ऐसे किसी प्रश्न पर विनिश्चय करने से पहले राज्यपाल निर्वाचन आयोग की राय लेगा और ऐसी राय के अनुसार कार्य करेगा।*

❒ राजस्थान में मंत्रिमण्डल सचिवालय, सचिवालय के निम्न में से किस विभाग/कार्यालय से अधिकारिक रूप से सम्बद्ध है? [II Grade Teacher GK - 24.12.2022]

(1) मुख्यमंत्री कार्यालय (2) राजस्व विभाग
(3) गृह विभाग (4) सामान्य प्रशासन विभाग

Ans. (4)

*व्याख्या* – **मुख्यमंत्री का सचिवालय (CMO) :** *राजस्थान में मुख्यमंत्री सचिवालय की स्थापना 1951 में हुई थी। इस सचिवालय का मुख्य कार्य यह देखना है कि मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन राज्य, सम्भाग व जिला प्रशासन द्वारा सही तरीके से हो रहा है या नहीं। लोगों की शिकायतों को दूर करना, मुख्यमंत्री कोष का प्रयोग, मुख्यमंत्री के आश्वासनों की अनुपालना आदि महत्त्वपूर्ण कार्यों को देखना इस सचिवालय का दायित्व है। मुख्यमंत्री सचिवालय मुख्यमंत्री को राजनीतिक व प्रशासनिक दोनों प्रकार की सहायता प्रदान करता है। मुख्यमंत्री सचिवालय का* **प्रशासनिक प्रमुख मुख्यमंत्री का सचिव** *होता है। सामान्यतया इस पद पर* **भारतीय प्रशासनिक सेवा का एक वरिष्ठ अधिकारी** *नियुक्त होता है।*

❒ कौनसा कथन असत्य है? [CET : 8.1.2023 (S-I)]

(1) राजस्थान में मुख्यमंत्री सहित 30 मंत्री हो सकते हैं।
(2) राजस्थान के सभी मंत्री कैबिनेट मंत्री हैं।
(3) कैबिनेट में महत्त्वपूर्ण विभाग होते हैं।
(4) राजस्थान सरकार में वर्तमान में कोई भी उपमंत्री नहीं है।

Ans. (2)

*व्याख्या* – *मंत्रिपरिषद की संरचना सम्बन्धी प्रावधान संविधान के अनुच्छेद 164 में उल्लिखित हैं। यह एक* **त्रिस्तरीय संगठन है जिसमें मुख्यमंत्री के अतिरिक्त कैबिनेट मंत्री, राज्य मंत्री तथा उपमंत्री हैं। कैबिनेट मंत्री** *महत्त्वपूर्ण* **विभागों के प्रभारी मंत्री होते हैं। कैबिनेट स्तर के इन मंत्रियों के समूह को मंत्रिमंडल (Cabinet) के नाम से जाना जाता है।** *कैबिनेट स्तर के मंत्रियों की सहायता हेतु राज्यमंत्री व उनकी सहायता हेतु उपमंत्री होते हैं। कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र रूप से एक अथवा अधिक विभाग के राजनीतिक प्रमुख के रूप में कार्य करते हैं।*

❒ मुख्यमंत्री बनने के लिए कितनी आयु आवश्यक है- [राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-13.06.2024 (I)]

(1) 25 वर्ष (2) 30 वर्ष (3) 35 वर्ष (4) 18 वर्ष

Ans. (1)

*व्याख्या :* *मुख्यमंत्री राज्य सरकार का निर्वाचित प्रमुख होता है। उसके लिए भारत का नागरिक होना मूलभूत मानदंड है। कम से कम 25 वर्ष या उससे अधिक आयु का होना चाहिए तथा राज्य विधानसभा का सदस्य होना चाहिए।*

Scanned with OKEN Scanner